तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 25 मई 2025

11 72 करोड़ की जल प्लावन योजना फेल, खेतों...

12 शिविर में गोदभराई रस्म की, शिशुओं का ...




**खबर संक्षेप**

### विधायक का जनदर्शन कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को

**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के निवास कार्यालय में प्रतिदिन लगने वाला जनदर्शन कार्यक्रम में कुछ संशोधन किया गया है। अब विधायक कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होगा। विधायक श्री साहू सुबह 9 बजे से 1 बजे तक क्षेत्र के लोगो से मिलेंगे। समस्याओं को सुनेंगे और समाधान की दिशा में प्रयास करेंगे। यह जानकारी देते हुए उनके निज सहायक किशोर साहू ने बताया कि इसी प्रकार माह में एक-एक दिन जिला मुख्यालय गरियाबंद एवं ब्लॉक मुख्यालय छुरा में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। मालूम हो कि विधायक रोहित साहू का यह जनदर्शन कार्यक्रम स्वास्थ्यगत कारणों के चलते परिवर्तन किया गया है।



### वट सावित्री पूजा 26 को

**मैनपुर।** ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा अपने पति की लंबी आयु की कामना एवं संतान प्राप्ति के लिए रखा जाने वाला वट सावित्री का व्रत 26 मई को रखा जाएगा। दुर्गा मंदिर की पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि अलग-अलग पंचांग कैलेंडर में तिथि दो दिन होने से व्रत करने वाली माताओं के मन में संशय की स्थिति निर्मित हो रही है लेकिन श्री देव पंचांग अनुसार सोमवार 26 मईको चतुर्दशी तिथि दिन 12.11 तक है उसके बाद अमावस्या तिथि लग जाएगी जो कि दूसरे दिन 27 मई को प्रातः 8.31 तक ही रहेगी इसलिए श्री देव पंचांग के अनुसार वट सावित्री का व्रत 26 मई दिन सोमवार को करना ही उत्तम एवं शुभ फलदाई रहेगा।



**हादसा:** निर्माणाधीन मकान में हुआ हादसा, करंट में झुलसे बेटे का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

# छत पर पानी डालते समय करंट की चपेट में आए पिता-पुत्र, पिता की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

थाना क्षेत्र पाण्डुका के ग्राम घटकर्रा में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र बिजली के करंट की चपेट में आ गए। घटना सुबह लगभग 8 बजे उस समय हुई जब दोनों निर्माणाधीन मकान की छत पर पानी डालने के लिए चढ़े थे। हादसे में 50 वर्षीय पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 32 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम घटकर्रा निवासी तारा यादव (50) और उसका पुत्र खेलावन यादव (32) अपने निर्माणाधीन मकान की छत पर एक दिन पहले हुए लेंटर में पानी डालने के लिए चढ़े थे। बारिश के कारण छत पहले से ही गीली थी। दुर्भाग्यवश छत के पास से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुज़र रही थी। जैसे ही दोनों छत पर पहुंचे, बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना इतनी तेजी से हुई कि दोनों कुछ समझ भी नहीं पाए। बिजली का जोरदार झटका लगते ही तारा यादव छटपटाने लगे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं बेटा खेलावन बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को बुलाया और दोनों को जिला अस्पताल गरियाबंद ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने तारा यादव को मृत घोषित कर दिया। खेलावन की हालत गंभीर होने के चलते रायपुर रेफर किया गया, परंतु परिजनों ने उसे रायपुर न ले जाकर नयापारा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। यह हादसा नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में आता है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।







### *ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप*

*ग्रामीणों ने हादसे के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद हाईटेंशन लाइन को भवन के पास से हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। यह हादसा विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है। ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।*

## मॉनिटर लिजार्ड का शिकार एक पकड़ाया, तीन फरार ड्रोन से निगरानी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व की एंटी-पोचिंग यूनिट टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मॉनिटर लिज़ार्ड के एक शिकारी को गिरफ्तार किया है। साथ ही मौके से तीन अवैध शिकारी अपने शिकारी कुत्तों के साथ फरार हो गए। घटना कोर क्षेत्र के बिर्नासिल्ली परिसर की है, जहां बाघ ट्रैकिंग के दौरान टीम को यह संदिग्ध गतिविधि मिली।गिरफ्तार आरोपी सूनाराम वल्द समारू कमार के पास से मॉनिटर लिज़ार्ड (अनुसूची-1 प्रजाति) का शव, कुल्हाड़ी और अन्य सामग्री बरामद की गई है। यह कार्रवाई उदंती एस.डी.ओ. गोपाल सिंह कश्यप के नेतृत्व में की गई जिन्होंने थर्मल ड्रोन की सहायता से क्षेत्र को सैनीटाइज कर हाईडआउट्स को ध्वस्त किया।

22 मई को बाघ की ट्रैकिंग कर रही एंटी पोचिंग यूनिट ने तीन शिकारियों को उनके कुत्तों के साथ देखा, लेकिन वे घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके पर बनाए गए तीन हाईडआउट ध्वस्त कर दिए गए हैं। रात्रि गश्ती के दौरान थर्मल ड्रोन से इलाके की निगरानी जारी है, जिसमें बरनवापारा अभ्यारण्य स्टाफ की भी मदद ली जा रही है।हालांकि, कार्रवाई के दौरान एस.डी.ओ. सीतानदी की अनुपस्थिति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व में भी फील्ड स्टाफ को वन्यप्राणी अपराधों को नजरअंदाज करने और सप्ताहांत में गश्ती न करने का मौखिक दबाव दिया गया था। इस कार्रवाई में वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धाराओं 9, 27, 29, 31, 50, 51 (1) के अंतर्गत अपराध क्रमांक 06/25 दर्ज किया गया है।

इस ऑपरेशन में नोडल अधिकारी गोपाल सिंह कश्यप, परिक्षेत्र अधिकारी चन्द्रबली ध्रुव, शैलेश बघेल, वन रक्षक राकेश मार्कंडेय, चक्रधर देवांगन एवं पेट्रोलिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा।पूरे क्षेत्र में अब हाई अलर्ट जारी है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। वन विभाग ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है।

## अवैध रेत परिवहन पर शिकंजा 6 हाईवा और 3 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन करते हुए एक बार फिर 6 हाइवा और 3 ट्रैक्टर की जप्ती बनाकर राजिम-पांडुका पुलिस थाने में खड़े किया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के कुछ घाटों से इसका परिवहन किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान वैध कागजात प्रस्तुत करने में इन गाड़ियों के चालक असमर्थ रहे जिसके बाद इसे जप्ती की कार्रवाई की गई। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग के सचिव पी दयानंद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों व खनिज अधिकारियों की बैठक ली थी। समीक्षा कर अफसरो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। खनिज सचिव के इस निर्देश के बाद भी गरियाबंद जिले में इस पर रोक लगाने में खनिज विभाग के अधिकारी नाकाम है। इससे जाहिर है कि इनकी मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। आज भी बदस्तुर अवैध उत्खनन एवं परिवहन का काम बेधड़क जारी है बल्कि बारिशकाल को देखते हुए कुछेक जगहों में भारी मात्रा में रेत के डंप किए जाने की जानकारी सामने आ रही है।

## 13 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**गरियाबंद।** सुशासन तिहार 2025 के तहत अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से गरियाबंद जिला आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिनांक 21 मई 2025 को आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक श्याम धावड़े तथा कलेक्टर भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन एवं उपायुक्त आबकारी श्री अनिमेष नेताम से प्राप्त निर्देशों के आधार पर, जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने यह संयुक्त कार्रवाई ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मानसून की आहट से मौसम खुशनुमा, तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मानसून बिल्कुल करीब आने को है ये आभाष पिछले सप्ताह भर से होने लगा है। आए दिन बारिश हो रही है इससे न केवल मौसम खुशनुमा हुआ है बल्कि गर्मी के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों की माने तो दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंचने की संभावना जताया गया है। जानकारी के मुताबिक पूर्वी मध्य अरब सागर में दक्षिण कोंकण-गोवा तट के पास एक निम्न दबाव क्षेत्र बना हुआ है। इसके उत्तर दिशा में बढ़ने के साथ ही एक दबाव (डिप्रेशन) में बदलने की पूरी संभावना व्यक्त की गई है। पूर्वी मध्य अरब सागर में बने निम्न दबाव क्षेत्र से संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण से एक ट्रफ उत्तर तेलंगाना तक समुद्र तल से 1.5 से 5.8 किमी की ऊँचाई तक फैला हुआ है। पंजाब और उससे सटे इलाकों में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और उससे सटे दक्षिणपूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है। पंजाब के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण से मध्य प्रदेश तक, दक्षिण हरियाणा होते हुए, एक ट्रफ रेखा बनी हुई है। पूर्वोत्तर असम के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण स्थित है। पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर 27 मई के आसपास एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना व्यक्त किया गया है, जो 29 मई तक और अधिक प्रभावशाली हो सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान देश भर में हुई मौसमी हलचल तटीय कर्नाटक के अलावा कुछ स्थानों में ▶▶|शेष पेज 10 पर

## आकाशीय बिजली गिरने से 6 पशुओं की मौत



**रसेला।** ग्राम पंचायत मेडकीडबरी में बैमौसम बारिश और गर्जना होने पर 6 पशुओं कि आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। बुधराम यादव पिता दयालु यादव का 4 और चैनसिग पिता बनाऊराम निषाद 2 पशुओं है। पशुओं मालिक ने बताया कि जंगल में पेड के बारिश से बचाव के लिए नीचे बैठ 6 पशुओं की बिजली गिरने से मौत हो गई। किसानों को इस हादसे से भारी नुक़सान हुआ है।बैमौसम बारिश की वजह से पशु हानि के साथ ही किसानों को भी बड़ा नुक़सान हुआ है। किसानों को खेतों में पड़ी धान की फसल भींग जाने से खराब होने की चिंता हो रही है। सुबह से रूक-रूककर हों रही बारिश होने के ▶▶|शेष पेज 10 पर

**जमीन के पंजीयन में 10 क्रांतिकारी बदलाव**

# रजिस्ट्री के बाद जमीन का होगा स्वत: नामांतरण, अभिलेख भी होंगे दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



- रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

प्रदेश में जमीन की रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में सरकार ने 10 क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। इन्हीं सुधारों की जानकारी और क्रियान्वयन को लेकर आज जिला पंचायत सभाकक्ष में एक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, कलेक्टर बीएस उइके और पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने जानकारी दी कि रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पुराने ब्रिटिशकालीन नियमों से हटकर आधुनिक, डिजिटल और पारदर्शी स्वरूप में बदल ▶▶|शेष पेज 12 पर

### क्रेता-विक्रेता और गवाहों की पहचान आधार से होगी सत्यापित

रजिस्ट्री के 10 क्रांतिकारी बदलाव आधार आधारित प्रमाणीकरण में रजिस्ट्री के समय क्रेता-विक्रेता और गवाहों की पहचान आधार से सत्यापित होगी। ऑनलाइन सर्च और डाउनलोड सुविधा में खसरा नंबर डालते ही उस संपत्ति की पूरी लेनदेन जानकारी मिलेगी। ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाणपत्र में संपत्ति की कानूनी स्थिति जानने के लिए जरूरी प्रमाणपत्र अब ऑनलाइन मिलेगा। एकीकृत कैशलेस भुगतान में स्टाम्प और रजिस्ट्री शुल्क एक साथ डिजिटल माध्यम से चुकाए जा सकेंगे। व्हाट्सएप सेवाएं में अपॉइंटमेंट, स्टेटस अपडेट और रजिस्ट्री कॉपी व्हाट्सएप पर मिलेंगी। डिजिलॉकर सुविधा में रजिस्ट्री दस्तावेज डिजिलॉकर में सुरक्षित रखे जा सकेंगे। ऑटो डीड जनरेशन में दस्तावेज का प्रारूप ऑनलाइन भरते ही पेपरलेस डॉक्यूमेंट तैयार हो जाएगा। डिजी डॉक्यूमेंट सुविधा में नॉन-रजिस्ट्री दस्तावेज जैसे शपथ पत्र भी डिजिटल रूप से तैयार किए जा सकेंगे।



# सीआर लिखने का अब नया पैटर्न, अंकों के आधार पर होगा मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों (अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को छोड़कर) के कामकाज को लेकर तैयार होने वाली उनकी गोपनीय चरित्रावली बनाने के पैटर्न में सरकार ने महत्वपूर्ण बदलाव किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने नए निर्देश जारी किए हैं।

खास बात ये है कि अब से पहले सीआर का श्रेणीकरण क, ख, ग के आधार पर तैयार होता था। अब इसमें बदलाव के बाद संख्यात्मक श्रेणी में इसे लिखा जाएगा।

खास खबर

### इसलिए किया गया है बदलाव

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखे जाने का उद्देश्य यह है कि शासकीय अधिकारी,कर्मचारी के वार्षिक कार्य करने की क्षमता, कार्य व नियमों का ज्ञान तथा कार्य करने के तरीके, उसके व्यवहार का वार्षिक मूल्यांकन किया जा सके। किसी भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के कैरियर का यह महत्वपूर्ण अभिलेख है तथा इसी के आधार पर उसके आगे की सेवी अवधि कैसी होगी, यह तय होता है। इसलिए वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन अत्यंत सावधानीपूर्वक बिना किसी पूर्वाग्रह के लिखा जाना चाहिए।

### होगा पोर्टल का उपयोग

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि मानव संसाधन प्रबंधन को डिजिटल रूप से सुदृढ़ करने के लिए राज्य के सभी शासकीय सेवकों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु एनआईसी. द्वारा विकसित स्पारोआव का उपयोग किया जावेगा। राज्य के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों (अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को छोड़कर) के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखे जाने के सम्बंध में पूर्व में प्रचलित प्रणाली, प्रपत्र के स्थान पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवीन प्रपत्र एक प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं कार्यपालिक तृतीय श्रेणी अधिकारियों के लिए प्रपत्र-दो तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के लिए प्रपत्र-तीन शीघ्रलेखक संवर्ग के कर्मचारियों के लिए एवं प्रपत्र-चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए निर्धारित किया गया है, जो कि अंकीय ग्रेड पर आधारित होगा।

### अब हुआ ये बदलाव

वर्तमान में लागू कार्य निष्पादन मूल्यांकन संख्यात्मक आधारित होगी। पदोन्नति हेतु पूर्व वर्ष के गोपनीय प्रतिवेदन को विचार में लिया जावेगा, जो कि विवरणात्मक होगी तथा विभिन्न श्रेणी हो सकती है। इसलिए पदोन्नति के लिए पूर्व वर्ष के गोपनीय प्रतिवेदन में अंकित श्रेणीकरण को निम्नानुसार संख्यात्मक में परिवर्तित किया जाएगा। पूर्व में इसे क, ख, ग, घ के रूप में बनाया जाता था, लेकिन अब इसे 0 से लेकर 10 अंकों के आधार पर तैयार किया जाएगा।

### दूसरे चरण में होगा ये काम

द्वितीय चरण में इसी पोर्टल का उपयोग स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक संवर्ग, गृह विभाग के अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक के नीचे स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी यथा पुलिस संवर्ग,आरक्षक, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापक संवर्ग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत यथा परियोजना अधिकारी,पर्यवेक्षक संवर्ग एवं अन्य तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत स्टॉफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पर्यवेक्षक संवर्ग द्वारा किया जावेगा। इन विभागों के अधिकारी,कर्मचारियों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखे जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित नवीन प्रणाली, प्रपत्रों का ही उपयोग किया जावेगा। यहां यह स्पष्ट किया गया है कि वर्ष 2024-25 के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन पूर्व में प्रचलित प्रणाली प्रपत्र अनुसार लिखे अथवा मतांकन किये जाने पर मान्य नहीं होगा।

## खबर संक्षेप




### वीआईपी रोड से तेलीबांधा ब्रिज तक अवैध कब्जे बैनर-पोस्टर हटाए गए

**रायपुर**। नगर निगम प्रशासन राजधानी के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में सड़क यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अभियान चलाकर अवैध कब्जों के साथ अवैध रूप से लगे बैनर-पोस्टरों को हटाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शुक्रवार को वीआईपी रोड से लेकर तेलीबांधा ओवरब्रिज तक अवैध बैनर पोस्टर हटाकर जब्त करने की कार्रवाई की। इसी प्रकार टीम प्रहरी अभियान के तहत कचहरी चौक से तेलीबांधा ओव्हर ब्रिज तक सड़क से अवैध ठेलो को हटाने की कार्रवाई की।

### सात नए चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति

**रायपुर**। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इन चिकित्सकों की तैनाती प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 07 संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इससे त्वरित और बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी तथा चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।

### हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष से भेंट कर बताईं समस्याएं



**रायपुर**। रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार के पदाधिकारियों ने कॉलोनी की समस्याओं को लेकर हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दीं। चर्चा के बाद अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने 15 दिवस के भीतर समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के संरक्षक कुलेश देवांगन, अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष बीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष बीआर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी भूमेद सिंह खंडाते, किशोर भूआर्य, राजेश तिग्गा एवं अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर निबंध 31 को

**रायपुर**। छग राज्य युवा आयोग द्वारा 31 मई को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी विषय पर निबंध प्रतियोगिता सभी विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, खेल संघों में आयोजित की जाएगी, विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

## खुलासा : अधजली लाश की गुत्थी सुलझी, शराब पीकर वारदात को दिया था अंजाम

# पड़ोसी को पत्नी संग आपत्तिजनक स्थिति में देखाकर की हत्या, पति समेत 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर झाड़ियों में अधजली अवस्था में मिले युवक के शव का रहस्य अंततः सुलझ गया है। मृतक की पहचान गरियाबंद जिले के देवभोग थाना क्षेत्र अंतर्गत खरपदर गांव निवासी विशाल सोनवानी के रूप में हुई थी। शुरुआती जांच में हत्या का शक जताया गया था और अब पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है कि विशाल की हत्या उसके पड़ोसी और कथित 'मामा' केशव नागेश ने अपनी पत्नी ममता नागेश और उसके दो भाइयों के साथ मिलकर की थी। 13 मई की रात, ओडिशा के नुआपड़ा जिले के सीनापाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरला जंगल में विशाल सोनवानी का अधजला शव मिला था। उसके शरीर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह जल चुका था और उसकी बाइक भी पूरी तरह खाक हो चुकी थी। घटनास्थल पर शराब के खाली पाउच भी मिले थे, जिससे यह अंदेशा और गहरा गया कि हत्या के समय आरोपियों ने शराब का सेवन किया था।







### कॉल डिटेल से खुला हत्या का राज

सीनापाली पुलिस ने जब जांच शुरू की, तो मृतक विशाल की अंतिम कॉल डिटेल खंगाली गई। इसमें पता चला कि उसने आखिरी कॉल अपने पड़ोसी में रहने वाली महिला ममता नागेश को किया था, जो मुंहबोली मामी थी। इसके बाद मृतक का फोन बंद हो गया और उसका लोकेशन उसी क्षेत्र में आखिरी बार एक्टिव देखा गया जहाँ से उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने देवभोग थाना की मदद से केशव नागेश, उसकी पत्नी ममता नागेश और ममता के दो भाइयों – ईश्वर सुनानी और सागर सुनानी को हिरासत में लिया। पूछताछ में चारों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने बताया कि 29 अप्रैल को केशव नागेश ने अपने पड़ोसी विशाल को अपनी पत्नी ममता के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इससे क्रोधित होकर केशव ने पहले विशाल की जमकर पिटाई की। लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। केशव ने ममता के भाइयों को साथ मिलाकर हत्या की साजिश रच डाली।

### ऐसे रची गई हत्या की योजना

13 मई को ममता नागेश और उसका पति केशव, ममता के मायके (खरपदर) चले गए। वहीं से ममता ने विशाल को फोन कर मिलने के लिए बुलाया। मिलने की जगह गांव से 3 किलोमीटर दूर जंगल को चुना गया, ताकि कोई देख न सके। शाम होते ही विशाल बाइक से वहां पहुंच गया, लेकिन वहां पहले से तीनों आरोपी मौजूद थे।

### नशे में चूर होकर की निर्मम हत्या

हत्या की योजना को अंजाम देने से पहले आरोपियों ने शराब पी, ताकि हत्या करने का 'हौसला' बना रहे। विशाल के आते ही तीनों ने उस पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया। फिर यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसकी जान न बचे, एक गमछा से उसका गला इतनी जोर से घोंटा गया कि गमछा फट गया।

### शव जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश

हत्या के बाद विशाल के शव को उसकी ही बाइक पर लिटाया गया और बाइक से पेट्रोल निकालकर शव समेत आग के हवाले कर दिया गया। हालांकि शव पूरी तरह नहीं जल सका, इसलिए आरोपियों ने अधजले शव को झाड़ियों में छुपा दिया। मृतक का मोबाइल फोन भी मिट्टी में गाड़ दिया गया, जिसे अब पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

सीनापाली थाना प्रभारी रश्मिता प्रधान ने जानकारी दी कि केशव नागेश, ममता नागेश, ईश्वर सुनानी और सागर सुनानी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 103, 278, 6(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि विशाल के परिजनों ने 16 मई को देवभोग थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले को पहले लापता व्यक्ति के रूप में दर्ज किया गया था, लेकिन जब शव की पहचान हुई और कॉल डिटेल सामने आईं, तो पूरा मामला साजिशन हत्या का निकला। बहरहाल, चारों आरोपी अब पुलिस हिरासत में हैं और आगे की पूछताछ के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है, जैसे क्या इसमें और कोई शामिल था या क्या मृतक के किसी और से भी दुश्मनी थी।

## कर्मचारियों की फाइव डे वर्किंग समाप्त होने पर भूपेश-साव में जुबानी जंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार कर्मचारियों के सप्ताह में फाइव डे वर्किंग के फैसले को बदलने वाली है। इसको लेकर जहां कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है, वहीं अब इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम अरुण साव में जुबानी जंग भी प्रारंभ हो गई है। कर्मचारियों के लिए फाइव डे वर्किंग खत्म होने के मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, मुझे लगता है, यह आज की आवश्यकता है। सरकारी कार्यालय में काम की अधिकता हो रही है। प्रशासनिक रूप से सरकार ने यह तय किया है। इस निर्णय पर सबको सहयोग करना चाहिए।

### कांग्रेस सरकार के फैसले बदल रहे हैं : भूपेश बघेल

इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पुलिस विभाग में परिवार का दबाव रहता है। काम का भी दबाव पुलिस पर रहता है। शारीरिक, मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया था। भाजपा सरकार भूपेश बघेल के सभी निर्णय को पलटने में लगी है। उन्हें पुलिस वालों की स्थिति से कोई लेना देना नहीं है।

# भूपेश बोले- प्रदेश सरकार ने किसानों को बिजली पानी उपलब्ध नहीं कराया, हुआ भारी नुकसान

**किसान राइस मिलरों को 1400-1500 रुपए क्विंटल की दर में धान बेचने को बाध्य हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, किसानों को रबी फसल की कीमत नहीं मिल रही है। साय सरकार ने समय पर बिजली और पानी उपलब्ध नहीं कराया है, इस कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। सरकार द्वारा कोई सर्वे नहीं कराया गया है। मंडी बंद है, धान की खरीदी नहीं हो रही है। इस साल किसान राइस मिलरों को 1400-1500 रुपए क्विंटल की दर में धान बेचने को बाध्य हुए। किसान बरसात की फसल के लिए तैयारी कर रहे हैं, लेकिन बीज और खाद की कोई व्यवस्था नहीं है।

इसके कारण किसानों को बहुत ही ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ेगा। नकली खाद मार्केट में आ गया है और किसान से जुड़े संगठन भी आंदोलन कर रहे हैं। कवर्धा में गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ने की कीमत नहीं मिल रही है। पिछले समय 4 महीने गन्ना खरीदी होती थी, पर इस साल सिर्फ 44 दिन खरीदी हुई है और जो गन्ने की खरीदी हुई उसका भी भुगतान नहीं हुआ है। साय सरकार किसान विरोधी सरकार है। श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, सुशासन तिहार चल रहा है आवेदन ले लिए हैं और पावती नहीं दी है। मस्तूरी विधानसभा में आयोजित सुशासन तिहार में जनता ने पूर्व में दिए आवेदन के निराकरण की जानकारी मांगी तो अधिकारियों ने पावती मांगी, जबकि आवेदन लेते समय पावती नहीं दी गई थी, जिससे जनता आक्रोशित हुई अधिकारी भाग गए। दूसरी तरफ भाजपा के नेता वसूली करने में लगे हुए हैं। खदानों में अवैध खनन चल रहा है। कोयला, लोहा में कमीशनखोरी चल रहा है। अब तो विभागों में 30 प्रतिशत की कमीशन से काम हो रहा है। हद तो तब हो जाती जब मुख्यमंत्री के परिवार के लोग जाकर दारू और मुर्गा की मांग करते हैं, नहीं देने वालों पर कार्रवाई हो जाती है।

### रमन-साय सरकार के काम की हो जांच

श्री बघेल ने कहा, रमन सरकार के 15 साल में बहुत सारे शासकीय कार्यक्रम हुए हैं, उनकी भी जांच होनी चाहिए। अभी साय सरकार के कार्यकाल की भी जांच होनी चाहिए। निगम मंडल अध्यक्ष के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में लाखों खर्च हुए हैं, उसकी भी जांच होनी चाहिए। भाजपा



सरकार को भूपेश बघेल के हर फैसले का पलटना जरूरी लगता है, लेकिन अभी तक बिजली बिल हाफ योजना नहीं पलट पाए। हाट बाजार योजना नहीं पलट पाए। 35 किलो हर परिवार की योजना नहीं पलट पाए। श्री बघेल ने कहा, झीरम और पहलगाम में जो समानता है कि दोनों जगह सुरक्षा नहीं थी। झीरम घाटी में नाम पूछकर मारे और पहलगाम में धर्म पूछकर मारे। आज तक नक्सली और आतंकवादी हमले में ऐसा नहीं मिलेगा कि नाम और धर्म पूछकर मारा गया हो। झीरम मामले में हमने एसआईटी गठन किया था, लेकिन एनआईए ने उसका विरोध किया था, एफआईआर में नाम गायब हो जाते हैं, सरकार में यह स्थिति है। भाजपा की केंद्र सरकार ने हमें जांच करने नहीं दी।

### कितने नक्सली मारे गए सरकार बताए

श्री बघेल ने कहा, सरकार द्वारा नक्सली अभियान चलाया जा रहा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए नक्सली कितने मारे गए और उसमें ग्रामीण तो मरे नहीं है। क्योंकि पिछले समय ग्रामीणों की भी हत्या हो गई थी। पिछले साल तेंदूपत्ता तोड़ने गए 3 ग्रामीणों को मार दिया गया था। सरकार के तरफ से उन लोगों को मुआवजा भी नहीं मिला। नक्सली मामले में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का अलग बयान आता है, यह स्थिति है सरकार की।

# कार व बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर मौत

**मैनपुर**। मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मार्ग में आज दर्दनाक सड़क हादसा में दो लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है,मैनपुर ब्लॉक के ग्राम तौरेगा में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें कार और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार ग्राम जाडापदर निवासी राधेश्याम नायक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तत्काल मैनपुर अस्पताल लाया गया है, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर में प्राथमिक इलाज कर मैनपुर अस्पताल से रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रायपुर से पांच लोग एक कार में सवार होकर गोहरापदर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान देवभोग की ओर से आ रहे जाड़ापदर निवासी राधेश्याम नायक और उसकी पत्नी बाइक पर सवार था। तौरेगा रेस्ट हाउस के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही जुगाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए मैनपुर अस्पताल रवाना किया गया। इस दुखद दुर्घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।





## पेज 9 के शेष...

### 13 लीटर अवैध...

की। गश्त के दौरान हरदी थाना छुरा निवासी मन्नू निषाद, पिता शंभू निषाद (उम्र 35 वर्ष) के कब्जे से कुल 13.00 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को दिनांक 22 मई 2025 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस सफल अभियान में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव (वृत्त गरियाबंद), प्रभारी रजत चंद ठाकुर (वृत्त देवभोग), आबकारी आरक्षक पीतांबर चौधरी, वाहन चालक शैलेन्द्र कश्यप, तथा महिला सैनिक श्रीमती हेमबाई साहू का विशेष व सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मानसून की आहट...

बारिश हुई। तटीय ओडिशा और दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक-दो स्थानों पर भारी बारिश भी दर्ज की गई। पूर्वोत्तर भारत, तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिणपूर्व गुजरात, कोंकण और गोवा, तेलंगाना, केरल, लक्षद्वीप, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, पूर्वोत्तर बिहार और पश्चिम बंगाल में हल्की से मध्यम बारिश हुई। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम की संभावित गतिविधि कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक, मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मध्यम भारी बारिश और कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश हो सकती है। लक्षद्वीप, केरल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, सिक्किम और पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्व राजस्थान में धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां हो सकती हैं। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ एक-दो मध्यम बौछारें हो सकती हैं। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक की गतिविधियां की संभावना बताई गई हैं। इसे देखते हुए रबी फसल लगाए किसान काफी चिंतित है वे जितना जल्दी हो सके कटाई मिंजाई में लग गए है। इसके साथ ही खरीफ फसल की तैयारी भी किसानो द्वारा शुरू कर दी गई है।

### आकाशीय बिजली...

चलते रफ़्तार थम सी गई। ग्रामीणों में इस प्राकृतिक आपदा को लेकर भय का माहौल है। घटना से पीड़ित पशुपालक परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

### रजिस्ट्री के बाद...

दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर यह नवाचार लागू हुआ है। अब रजिस्ट्री के साथ ही स्वतः नामांतरण हो जाएगा और बी-1, खसरा जैसे दस्तावेज भी स्वचालित रूप से अपडेट होंगे। इससे आम जनता को राजस्व कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि इन 10 सुधारों से आम जनता को वास्तविक लाभ मिलेगा और फर्जीवाड़े की संभावना कम होगी। कलेक्टर उइके ने इसे छत्तीसगढ़ के डिजिटल विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया।

**घर बैठे रजिस्ट्री सुविधा-** ऑनलाइन प्रक्रिया से अपॉइंटमेंट लेकर घर बैठे ही रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। रजिस्ट्री के तुरंत बाद राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण स्वतः हो जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इन सुविधाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की अपील की है ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटल सुधारों का लाभ उठा सकें।

## सेना के कार्रवाई से हर्ष का माहौल

# भाजपा मंडल फिंगेश्वर के कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर के कार्यकर्ताओं ने नगर मे तिरंगा रैली निकालकर भारत माता की जय के नारे लगाए वहीं पर आपरेशन सिंदूर के निर्णय को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ कार्यवाही कराने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सेना का आभार जताया।

तिरंगा रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुराने बस स्टेंड पर पहुंचा जहां सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ट नेता भागवत हरित ने कहा कि मुफत मे बना देश पाकिस्तान एक आंतकवादी देश है जो भारत की एकता और अखंडता को अपने कायरना हरकत करते हुए तोड़ने का प्रयास करता रहता है लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। 22 अप्रैल को पहलगाम मे निर्दोश पर्यटकों को उसका जाति धर्म पूछकर मौत के घाट उतारा था जिसका आक्रोश पूरे देश मे नागरिकों के बीच रहा। इस घटना को लेकर हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंतकवाद का कमर तोड़ने फैसला लेते हुए पाकिस्तान के 9 आतंकी अड्डों को बारूद से बर्बाद किया वहीं पर उनके एयरबेसों को तबाह किया। इस कार्यवाही से लगभग 100 आंतक मारे गये। जिसके चलते पाकिस्तान घुटनों के बल आ गया। सेना के इस कार्यवाही से पूरे देश में हर्ष का माहौल है। आज हमारा तिरंगा पाकिस्तान के खिलाफ कार्यवाही कर शान से लहरा रहा है।देश के सभी लोगो मे इस कार्यवाही से उत्सुकता है।

वरिष्ट भाजपा नेता रामूराम साहू ने कहा कि आंतक वाद का बीज बोने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का निर्णय हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लिया गया है जिसका सभी लोगो ने स्वागत किया है। हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अडडों के साथ साथ उनके ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराया।जिस प्रकार से भारतीय सेना ने सरहद मे पाकिस्तान के सेना का मुंह तोड़ जवाब दिया वह प्रशंसनीय है।मोदी जी ने कहा कि अभी आपरेशन सिंदूर बंद नहीं हुआ है यदि पाकिस्तान अपने नापाक इरादे फिर से दोहराया तो कड़ी कार्यवाही की जावेगी।भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित ने कहा कि मोदी जी ने आप्रेशन सिंदूर चलाकर नारी सम्मान का स्थान उंचा किया है वहीं पर पाकिस्तान की जमकर तबाही हुई है।इस कार्यवाही से देश मे सेना का सम्मान बढ़ा है।



### सेना के कारण हम सभी सुरक्षित

पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे ने कहा कि मोदी जी के मार्गदर्शन मे पहलगाम के हुई घटना का बदला लेकर पूरे दुनिया को बता दिया है कि यह भारत पुराना भारत नहीं है बल्कि 2025 का भारत है। भारतीय सेना ने जिस प्रकार पाकिस्तान मे कार्यवाही की है उसे पूरा विश्व ने देखा है। हमारी लीडर एवं सेना के कारण हम सभी सुरक्षित हैं। तिरंगा रैली मे वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री मिंजून साहू, उत्तम राजवंशी, अशोक साहू, किरणेश सोनी, डॉ. प्यारेलाल सोनकर, जनक श्रीवास, भुवन साहू, किसन निषाद, राकेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन अग्रवाल के पिता का निधन, अंतिम संस्कार होगा आज

**नवापारा-राजिम।** पूर्व मंत्री रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिताश्री समाजसेवी गौ सेवक रामजी लाल अग्रवाल का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 25 मई को सुबह 10 बजे मारवाड़ी शमशान घाट में होगा। स्व रामजी अग्रवाल, अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी थे। वे सावित्री देवी अग्रवाल, गोपालकृष्ण अग्रवाल, सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल के पिता, विष्णु अग्रवाल के भाई, पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, के चाचा, एवं देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल के ताऊजी थे। आज अंतिम संस्कार में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के नवापारा शहर एवं राजिम से बड़ी संख्या में उनके समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता शामिल होने रायपुर के लिए रवाना होंगे।



### बृजमोहन को पितृशोक चंद्रशेखर ने दी श्रद्धांजलि

**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता समाजसेवी गौसेवक श्री रामजी अग्रवाल के निधन पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शोक व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि प्रकट किया है। वे उनके पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि हमेशा से समाज की सेवा में तल्लीन रहा करते थे तभी तो अग्रवाल समाज के ताउम्र राष्ट्रीय संरक्षक रहे एवं गौवंश की सेवा में उन्होंने अपना जीवन अर्पित कर दिया। महावीर गौशाला के आजीवन सफल संचालन किया । वे सदैव संयुक्त परिवार के पक्षधर रहे। तीन भाइयों में मंझले थे और एक पुत्री पांच पुत्र के साथ भतीजे भतीजियों, पोते-पोतियों,पंथियों के खुशहाल परिवार के बीच अपनी अमिट पहचान छोड़ गए। श्री साहू ने कहा कि स्व रामजी अग्रवाल दीन-हीन, गरीब-असहाय, जरूरतमंदो की हमेशा मदद करने आगे रहते थे उनके इन्हीं संस्कारों ने पूरा परिवार को पल्लवित, पुष्पित एवं पोषित किया तथा बृजमोहन अग्रवाल जैसे राजनेता इस परिवार में पैदा हुए। मुझे उनका सान्निध्य, प्रेम, मार्गदर्शन व आशीर्वाद चालीस वर्षों से मिलते रहा उनका जाना मेरा व्यक्तिगत क्षति है जो अपुरणीय है।

# बच्चे एक हफ्ते ही घर में धमाचौकड़ी नहीं मचा पाएंगे, फिर जाना पड़ेगा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मई केखतम होते ही स्कूलो में छोटे मासूम बच्चो की भर्ती शुरू हो जाएगी। 3 से 5 वर्ष उम्र के बच्चो को उनके माता-पिता अभी से स्कूल जाने के लिए तैयार करने लगे है। नटखट बच्चे अपनी भाषा में स्कूल नही जाएंगे ऐसा भी बोलने लगे है।

अच्छे शिक्षण संस्थानों के चयन में पालक विचार करने लगे है। बता दे कि छोटे बच्चों के लिए शासन द्वारा आंगनबाड़ी एवं बालवाड़ी केंद्र संचालित किए जाते है। जहां बच्चों के खेल के साथ हिंदी ,अंग्रेजी, अंकों का ज्ञान और नैतिक शिक्षा दी जाती है। शिक्षा के बदलते स्वरूप के चलते 3 से 5 वर्ष के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा को नर्सरी एवं प्री-प्राइमरी का नाम दिया गया है। जहां बच्चों को खेल के साथ अक्षर ज्ञान की शिक्षा प्रदान की जाती है। अंग्रेजी माध्यम के प्री-प्राइमरी स्कूल में कक्षा को नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी में बाटा गया है। वही हिंदी माध्यम के स्कूल में अरुण एवं उदय की दो कक्षाएं होती है।

## बच्चों को खेल के साथ हिंदी, अंग्रेजी व अंकों का ज्ञान और मिलेगी नैतिक शिक्षा

### प्री-प्राइमरी के लिए सीमित संस्थान

3 से 5 वर्ष के बच्चों के प्री-प्राइमरी शिक्षा के लिए इस शहर में सीमित शिक्षण संस्थान है। यहां शासकीय हिंदी माध्यम की प्री-प्राइमरी केंद्र के रूप में आंगनबाड़ी ही संचालित है। प्री-प्राइमरी के निजी संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर, राम जानकी स्कूल एवं ज्ञानदीप स्कूल में अरुण एवं उदय की कक्षाएं संचालित है। वही अंग्रेजी माध्यम के प्री-प्राइमरी संस्थान टीबीएस स्कूल, केपीएस नवापारा, बचपन नवापारा, न्यू होप एकेडमी प्रमुख है। नगर के बाहर कई अन्य स्कूलों में प्री-प्राइमरी की कक्षाएं संचालित है।



### अभनपुर विकासखंड में 39, फिंगेश्वर विकासखंड में 49 बालवाड़ी

अभनपुर बीआरसीसी आर साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभनपुर विकासखंड में कुल 39 बालवाड़ी केंद्र संचालित है। इन केंद्रों में प्राथमिक शाला के शिक्षक को बालवाड़ी में पढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। बालवाड़ी केंद्र का समय 3 घंटे निर्धारित होता है। बालवाड़ी केंद्र शासकीय स्कूल परिसर में ही संचालित होती है। फिंगेश्वर बीआरसीसी सुभाष शर्मा ने बताया कि फिंगेश्वर विकासखंड के अंतर्गत कुल 49 बालवाड़ी केंद्र संचालित है। जिसमें राजिम में 2 बालवाड़ी केंद्र संचालित है। सभी केंद्रों में प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध है। बालवाड़ी केंद्र में खेल के अतिरिक्त छोटे बच्चों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी शब्द ज्ञान एवं अंकों की पहचान के लिए के लिए चार्ट उपलब्ध है। शिक्षा एवं खेल के साथ बालवाड़ी बच्चों के लिए वजन त्योहार एवं स्वास्थ्य परीक्षण जैसे आयोजन किए जाते है।

विडंबना : करोड़ों की लागत से निर्माण किए गए सिंचाई नहर के लिए विभाग के पास नहीं हैं फंड

# 72 करोड़ की जल प्लावन योजना फेल, खेतों तक नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एंव देवभोग के 26 गांव के 7 हजार किसानों के 10 हजार एकड़ से भी ज्यादा खेतों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने मैनपुर विकासखण्ड के उरमाल जल प्लावन योजना में करोड़ों रुपए पैसा पानी की तरह बहाया विभाग ने पर सिंचाई सुविधा देने में नाकाम साबित हो रही। लगभग 72 करोड़ की लागत से बनी सिंचाई परियोजना, सिंचाई के लिए जिस कुएं में नदी का पानी भरता है वह रेत से भरा पटा है तो नहरों में पेड, पौधे, झुरमुट पेड़ उग गया। जीरो चौन में मौजूद किसान भी तरस रहे सिंचाई के लिए। सिंचाई अनुविभाग देवभोग में मौजूद 23 सिंचाई योजनाओ में से सबसे वृहद व ज्यादा लागत से बनी योजना उरमाल जलप्लावन योजना है, 72 करोड़ लागत से तैयार इस योजना में खरिफ सीजन में ही मैनपुर व देवभोग के 26 गांव के 3186 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा देने का प्राक्कलन तैयार किया गया था, योजना 2015 में शुरू हुआ, शुरुवात के दो साल, धौराकोट, उरमाल, चनाभांठा मगररोडा तक बमुश्किल 600 एकड़ में सिंचाई दिया गया, लेकिन अब देख रेख के अभाव में 2 किमी तक भी ठीक से पानी नहीं पहुंच रहा है।



### पूर्व में सफाई करने वाले मजदूरों को नही मिला है मजदूरी

जिस गाँव एनासर में हेड वर्क का निर्माण हुआ है,नहरों की सफाई के लिए उसी गाँव के कुछ मजदूरों को नहर व कूएँ के रेत की सफाई के काम पर लगाया गया था, ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल 4 माह तक सफाई का काम किये थे, ,जिसका कई मजदूरो को भुगतान नहीं किया गया। क्षेत्र के किसानो ने कहा इतना बड़ा सिंचाई योजना का क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलना चाहिए इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सिंचाई योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे साथ ही सिंचाई योजना की जांच कराने की मांग किया जाएगा।





### स्टीमेट बनाकर भेजा गया है

एसडीओ श्री सोनवानी ने कहा कि नहर की सफाई का कोई मद नहीं है, बगैर किसी फंड के इतनी बड़ी नहर की सफाई सम्भव नही है जिन मजदूरों का भुगतान बाकी है उन्हें मजदूरी भुगतान कराया जाएगा, उन्होंने कहा योजना को मूर्त रूप देने के लिए एस्टीमेट बनाकर भेजा गया है।

### नहरों में पेड़- पौधे उग गए नहीं हो पाई सफाई

इस सिंचाई वृहद योजना में 23 किलोमीटर लम्बी मूख्य नहर है, 39 किलोमीटर लम्बी साखा नहरें बनी है, हेड एरिया के शुरवाती चौन में जंहा तक पानी का बहाव आता था, उन स्थानों पर पेड़ - पौधे उग गए हैं व जलकुम्भी से भरा पड़ा है। नहर विगत 3 -4 वर्षों से नहरों की स्थिति खराब है 8 से 10 किलोमीटर नहरों तक पहले किसी तरह पानी पहुंचता था पर अब बमुश्किल 3 किलोमीटर भी पानी नहीं पहुंच रहा।

### रेत से पट गया है कुंआ 5 में से केवल 2 गेट से भर रहा पानी

कराडों के लागत से निर्माण किए गए यह जलप्लावन योजना इकलौती ऐसी योजना है जो प्रदेश भर में केवल गरियाबंद जिले के उरमाल में लागू है, योजना में नदी के किनारे वृहद कुएं का निर्माण किया गया है, जो नदी के बेड लेबल के अलावा 7 से 10 फिट नीचे के पानी भी कुएं में आ जाता है, नदी के पानी कुएं में भरने के लिए अलग अलग लेबल पर 5 गेट बने हुए हैं,निचे के तीन लेबल का गेट में रेत भरा पड़ा है, कूएँ के भीतर भी रेत से पटा पड़ा है जिससे नदी के बहाव का पानी योजना के अनरूप कूएँ में नही आ पा रहा है,कूँआ खाली होने के कारण ही नहरों में सिंचाई के लिए पानी नहीं जा पा रहा है।

## अजय चंद्राकर को अविलंब मंत्री बनाए सरकार : मुरलीधर सिन्हा

**गरियाबंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रखर वक्ता मुरलीधर सिन्हा ने छत्तीसगढ़ सरकार से कैबिनेट विस्तार की मांग करते हुए वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री पद पर नियुक्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बने डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद मंत्रीमंडल के तीन पद रिक्त हैं। रायपुर लोकसभा से लोकप्रिय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के सांसद निर्वाचित होने के बाद यह रिक्तता और भी महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन अभी तक कैबिनेट का विस्तार नहीं किया गया है जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा व्याप्त है। मुरलीधर सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह किया है कि वे शीघ्र मंत्रीमंडल का विस्तार करें और कुरूद विधानसभा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर को कैबिनेट में स्थान देकर उन्हें मंत्री बनाएँ। उन्होंने कहा कि अजय चंद्राकर एक दमदार, अनुभवी, और जनता के बीच अत्यधिक लोकप्रिय नेता हैं। उनकी प्रशासनिक दक्षता पूर्व में भी सिद्ध हो चुकी है। यदि उन्हें मंत्री पद दिया जाता है तो इससे धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिले का सर्वांगीण विकास तेज़ी से संभव होगा और राज्य में रोजगारोन्मुखी वातावरण तैयार होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि छत्तीसगढ़ में संसदीय सचिवों की नियुक्ति शीघ्र की जाए ताकि विधायकों को प्रशासनिक अनुभव मिल सके और सरकार का कार्य संचालन अधिक प्रभावी हो।



## मूड़गेलमाल मड़ई मेला में देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए मैनपुर ब्लॉक के ग्राम मूड़गेलमाल में इस वर्ष भी पारंपरिक मड़ाई मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख–शांति और समृद्धि की कामना किया गया, भक्ति, परंपरा और उमंग के रंग में डूबा यह मड़ाई मेला आयोजन श्रद्धालुओं के लिए किसी पर्व से कम नहीं रहा। मूड़गेलमाल गांव एक बार फिर आस्था और भक्ति रस से सराबोर हो उठी जब 30 गांवों की देवियां माता अपने प्रतीक रूप में ध्वज के साथ गांव पहुंचीं। गांव की सीमा पर देवियों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाजों से किया गया। पुजारी ने चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया और लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ देवियों का जयघोष करते हुए स्वागत किया। मेले के साथ साप्ताहिक बाजार का भी संगम हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से आए दुकानदारों ने हिस्सा लिया। दोपहर में भंडारे का आयोजन हुआ, वहीं शाम को निकाली गई शोभायात्र ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। मूड़गेल माल का मड़ाई मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की संस्कृति और लोक आस्था की जीवंत झलक है।



## फलों का राजा आम बाजार में छाया वेगनपल्ली, सुंदरी की भरपूर आवक

**नवापारा-राजिम।** गर्मी के मौसम में आइसक्रीम, कुल्फी, लस्सी, कोलड्रिंक ,कलिंदर, खरबूज,खीरा, दही, मही सबका पसंदीदा होता है। वहीं ग्रीष्मकाल आम के लिए भी जाना जाता है। आम को फलो का राजा कहते है जो सबे प्रिय है। मई के इस माह में सभी वेराइटी के आम बाजार में उपलब्ध है। वेगनपल्ली, सुंदरी, कलमी एवं दशहरी आम का मजा लोग ले रहे है। बाजार में सभी वैरायटी के आम मीठे आ रहे है। जिसकी कीमत 70 से 100 रुपए प्रतिकिलो है। फल दुकानों में आम की सभी किस्म सजे हुए है। पीले एवं मीठे आम बाजार की रौनक बढ़ा रहे है।

वही सब्जी बाजारों एवं नगर के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले पसरे में देशी चुस्की आम भी भारी मात्रा में बिकने के लिए उपलब्ध है। जिसकी कीमत 30 रुपए से 60 रुपए तक है। पेड़ो में पके चुस्की आम बहुत ही मीठा होता है। लिहाजा लोग बड़े चाव से 10 से 15 चुस्की आम का मजा उठा लेते है। आने वाले दिनों में लंगड़ा एवं जून के अंत में देश का प्रसिद्ध चौसा आम का इंतजार लोगो को है। एक माह तक भरपूर मात्रा में आम आने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय फल विक्रेताओं का कहना है कि आम का मौसम उनके लिए खास होता है। क्योंकि आम बच्चे ,बड़े एवं बुजुर्ग सबकी पसंद है।



### आचारी आम बाजार में उपलब्ध

आमतौर पर आम का उपयोग कई प्रकार से होता है। महिलाओं को आम के मौसम का इंतजार आचार एवं आम पापड़ बनाने के लिए रहता है। स्थानीय नेहरू गार्डन स्थित बाजार में आचारी आम के बड़े-बड़े पसरे लगे हुए है। बाकायदा आम काटने के लिए लोग भी उपलब्ध है। चेर बंधे हुए आम बाजार में 20 से 50 रुपए प्रतिकिलो की कीमत पर उपलब्ध है। वही आम पापड़ बनाने के लिए पके आम 30 से 70 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहे है। स्थानीय सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि मई के अंत तक आचारी आम बाजार में आयेगा। अभी बरसात के कारण भी आम में पीलापन दिखने लगा है। आम के मौसम में बाजार में आम मसाला की बिक्री भी बढ़ गई है। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि आम का आचार सालों साल चलता है। सभी को आम का आचार बहुत प्रिय रहता है। इसलिए गर्मी के मौसम में आचारी आम का बेसब्री से इंतजार रहता है।

## धार्मिक नगरी के अनुरूप होगा नगर का विकास : अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- शिवाजी चौक से पितईबंद नाला तक नाली निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

आमापारा में शिवाजी चौक से लेकर हनुमान मंदिर तक 34 लाख रूपए की लागत से बनने वाले नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने किया। इस अवसर पर सीएमओ मनीष गायकवाड़, इंजीनियर नीलेश भंवर,उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद अजय पटेल, भारत यादव, तुषार कदम, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, पार्षद बलराम यादव, सुरेश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद, कुलेश्वर साहू, तथा ठेकेदार विशाल लालवानी मौजूद थे।

अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि नगर के शिवाजी चौक के पास जल भराव के कारण आम नागरिक एवं चौक के पास के सभी व्यापारियों को विगत कई सालों से बरसात के समय पानी भर जाने से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था , क्योंकि बरसात का पानी हमेशा दुकान में चल जाता था जिसे राजिम विधायक रोहित साहू को अवगत कराने पर उन्होने शिवाजी चौक से पितईबंद नाला तक नाली निर्माण हेतु राशि स्वीकृत कराया जिसका लाभ नगरवासियो को मिलेगा। कहा कि नाली निर्माण के समय लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। लोग सहयोग करेंगे ऐसा मुझे विश्वास है। राजिम धार्मिक और पौराणिक नगरी है, जिस प्रकार राजिम नगर की प्रसिद्धि है, उसके अनुरूप राजिम का विकास होगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने इस कार्य की स्वीकृति कराने के लिए विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया है कहा कि उनके नेतृत्व में राजिम शहर विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है।



## आईसीटी योजना अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**नवापारा-राजिम।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर समग्र शिक्षा के पत्र आदेश तारतम्य में डीजी दुनिया आई.सी.टी. योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण स्थल शासकीय पीएम श्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नवापारा में 16 मई से 24 मई तक कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। आईसीटी योजना अंतर्गत आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम का उपयोग नियमित अध्ययन-अध्यापन किए जाने हेतु व शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में इन संसाधनों के सार्थक उपयोग को प्रभावी बनाने हेतु, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर किशन सिंह ठाकुर द्वारा डिजिटल क्लासरूम को संचालित किए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जैसे प्रोजेक्टर से लनिंर्ग मटेरियल एल.एम.एस.(एम.बी.डी.) के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आई.डी. का निर्माण करना, प्रोजेक्टर को चालू करने की प्रारंभिक विधि, से लेकर अनेकों विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों के कौशल जानकारी के लिए प्री असेसमेंट एवम पोस्ट असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली जा रही है। इस प्रशिक्षण में अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत प्रस्तावित समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षकों की प्रशिक्षण में उपस्थिति रही जिसमें 110 शिक्षको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यशाला का समुचित व्यवस्था एवं नियमित मॉनिटरिंग प्रशिक्षण स्थल केंद्र प्राचार्य फाखरा खानम दानी एवं अशोक कुमार साहू द्वारा किया गया।



संयुक्त संचालक ने की बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा

# 12वीं की परीक्षा में गरियाबंद प्रदेश में चौथे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा बैठक संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडे की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में आयोजित की गई। बैठक में जिले के बोर्ड परीक्षा परिणामों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में जिले का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। 12वीं का परीक्षा परिणाम 90.17% रहा, जो पिछले वर्ष से 8% अधिक है। 10वीं का परीक्षा परिणाम 80.70% रहा, जो 3% की वृद्धि दर्शाता है। 12वीं का जिला रैंक 22वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुँचा। 10वीं का रैंक 19वें से 14वें स्थान पर पहुँचा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र, 10वीं में 26% से बढ़कर 37%, 12वीं में 25% से बढ़कर 45%। शत-प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों की संख्या में 10वीं में 6 से बढ़कर 23, 12वीं में 6 से बढ़कर 11 स्कूल।



### अनुपस्थित प्राचार्य को नोटिस

बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने या प्रतिनिधि भेजने वाले प्राचार्यों पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सहायक संचालक अजीत सिंह जाट ने विषयवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन विषयों में परिणाम अत्यंत कमजोर रहे, उन शिक्षकों पर भी उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आगामी 2025-26 सत्र के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्ष्यों की प्राप्ति पर बल दिया गया। इस समीक्षा बैठक में डीएमसी केएस नायक, केएस पैकरा, बुद्धविलास सिंह, श्याम चंद्राकर, मनोज केला सहित जिले के सभी विकासखंडों के शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

### संयुक्त संचालक ने जताई प्रशंसा, दिए सख्त निर्देश

संयुक्त संचालक राकेश पांडे ने गरियाबंद जिले के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यगण और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय उपसंचालक आशुतोष चावरे को जाता है, जिन्होंने ब्लूप्रिंट, प्रश्न बैंक, टेस्ट सीरीज आदि के माध्यम से सतत निगरानी और मार्गदर्शन दिया। पांडे ने कहा कि यह सफलता केवल एक पड़ाव है आगामी सत्र के लिए अभी से तैयारी प्रारंभ की जाए ताकि जिले की स्थिति और सुदृढ़ हो सके। बैठक में विकासखंडवार एवं शालावार परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई। जिन स्कूलों का परिणाम 50% से कम रहा, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की गई। ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम के प्राचार्यों की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश जारी किए गए।

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों का उलंघन करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटे

**राजिम।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू का ट्रैफिक को लेकर बयान सामने दिया है।



उन्होने पुलिस डिपार्टमेंट से कहा है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, स्पीड और नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध निष्पक्षतापूर्वक सख्ती से चालानी और अन्य वैधानिक कार्रवाई करें तभी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगा और लोग असमय मौत के मुंह में जाने से बचेंगे। कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार को लेकर हमारी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई के साथ-साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। इसमें पालकों का सहयोग अत्यावश्यक है। पालक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें साथ ही खुद तो यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें और लिमिटेड स्पीड में वाहन चलाएं अपने बालिग बच्चों को भी इस दिशा में सख्त हिदायत दें तो ट्रैफिक व्यवस्था सुधरने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### ज्योति बनी नर्सिंग ऑफिसर

**मैनपुर।** विकासखंड मुख्यालय मैनपुर के ग्राम हरदीभाटा की कुमारी ज्योति शर्मा का नर्सिंग ऑफिसर के लिए चयन हुआ है।



ज्योति शर्मा दुर्गा मंदिर के पुजारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा रुक्मणी शर्मा की सुपुत्री है। ज्योति शर्मा ने बीएससी नर्सिंग जगदलपुर से करने के बाद एम्स के प्री मेंस में सफलता हासिल करऑल इंडिया रैंक में 536 वा रैंक प्राप्त करके अपने जिले एवं विकासखंड को गौरवान्वित किया है। इनका चयन भुवनेश्वर के एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है उनकी सफलता पर परिवारजनों सहित सभी इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

### पृथ्वीराज चौहान का मनाया गया जन्मदिन



**नवापारा-राजिम।** राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्मदिन मनाया। जिसमें सत्यनारायण सिंह, राजू सिंह, हीरा सिंह राजकुमार शामिल हुए। इस अवसर पर महानविभूति सम्राट पृथ्वीराज चौहान के गुणो का वर्णण करते हुए कृष्ण कुमार चौहान ने बताया कि वे पशु-पक्षियों से भी बेहद लगाव रखते थे। उनके जन्मदिन के अवसर पर पक्षियों के लिए रस्सी से कटोरियां बांधी गई।

### खरोरा में लगाई गई सीजन लाइट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक, साई मंदिर एवं गांव के चौक-चौराहों में सीजन लाइट लगाई गई। गांव खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चन्द्राकर एवं संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि चारों और रोशनी के लिए लाइट लगाई गई।

### पेट संबंधी रोगों का उपचार आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 25 मई रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक पेट रोग, लिवर, पित्त रोग, गॉल ब्लैडर, पैनक्रियाज से संबंधित रोगों का उपचार कर उचित पमरार्श दिया जाएगा। जिसमें बालाजी हास्पिटल रायपुर के डॉ. एनएस गरड (डीएनवी, एमएनए एनएस हेपेटोलाजिस्ट, गेस्टोलाजिस्ट, इंटर वेन्टीओनल इंडोस्कोपिस्ट) अपनी सेवाएं देंगे।

### आप के राज्यसभा सांसद का रायपुर आगमन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रवक्ता संजय सिंह का कल रात रायपुर आगमन हुआ।

# 501 कमल फूल से नीलकंठ महादेव का हुआ अदभुत श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के सुप्रसिद्ध नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के छठवें दिवस प्रातःकाल डॉ पन्नालाल वशिष्ठ द्वारा 501 कमल पुष्पों से भोलेनाथ का अदभुत श्रृंगार किया गया, जिसमें मौजूद भक्त प्रसन्नता के साथ शामिल हुए। यह दुर्लभ दृश्य था।

इसके पहले कभी भी ऐसा आयोजन नीलकंठ मंदिर में नहीं हुआ था। कथा प्रसंग के दौरान आचार्य डॉ रमाकांत शर्मा ने बताया कि रुखमणी मैया ने जो पत्र भगवान को लिखकर भेजती है उस पत्र को लेकर ब्राह्मण देवता भगवान कृष्ण के पास गए, पत्र में लिखा था कि आप आकर मेरा हरण करके ले जाए, मैं मन से आपको पति मान चुकी हूं ,यदि आप मुझे इस जन्म में नहीं मिलेंगे, तो मैं 100 जन्मों में ही सही ,आपका वरन अवश्य करूंगी क्योंकि मैं अपनी आत्मा आपको अर्पित कर दी है।

जैसे ही भगवान कृष्ण को रुखमणी मैया का पत्र मिला रथ लेकर जगदंबा के मंदिर में पहुंचे, जहां रुखमणी जी विवाह के पहले अपने सखियों के साथ मंदिर में देवी की पूजा करने जाती है,और देवी से आशीर्वाद मांगकर बाहर निकलती है तभी भगवान श्री कृष्ण रुखमणी को रथ में बिठाकर द्वारिका पहुंचे। वैदिक रीति से विवाह संपन्न हुआ।

## छप्पन प्रकार का लगा भोग





### बड़ी संख्या में रहे भक्त श्रद्धालुजन मौजूद

कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालुजन मौजूद थे जिसमें रश्मि शर्मा, आशा शर्मा, श्रुति शर्मा, रानी तिवारी, डॉ. प्रकाश गुप्ता, डॉ. उमा गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, डॉ. राजेंद्र गदिया, ब्रह्मदत्त शास्त्री, चंद्रकांत देवांगन, रमेश साहू, टिकेश साहू, नेहा साहू, रेनू, नीति, योगेश, हेमलता, पूजा पांडेय, विद्या शर्मा, आरती गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बसंती शर्मा, टिकेश-नेहा साहू शामिल रही। उल्लेखनीय है कि भगवान नीलकंठ महादेव के अदभुत श्रृंगार के साथ ही आज छप्पन प्रकार का भोग भी लगाया गया।

## आयोजन : समाधान शिविर में लोगों के आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण

# शिविर में गोदभराई रस्म की, शिशुओं का अन्नप्राशन हुआ व पोषण किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- छुरा के ग्राम चरौदा में आयोजित हुआ समाधान शिविर
- हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां चरौदा सहित अन्य आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने - अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारें में जानकारी ली। सुशासन तिहार के दौरान चरौदा क्लस्टर अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा रहा है। सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जानना एवं उनका यथा संभव निराकरण भी करना है। इसी तारतम्य में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों के गांवों के नजदीक क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। शिविर में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान कर गोदभराई रस्म एवं शिशुओं का अन्नप्रासन किया गया। इस दौरान शिविर में सीईओ जिला पंचायत जीआर मरकाम, एसडीएम नेहा भेडिया, सीईओ जनपद छुरा सतीश चन्द्रवंशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।



इस अवसर पर सीईओ मरकाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है।

### आवेदनों का हो रहा समुचित परीक्षण

श्री मरकाम ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है।

# मातृशक्तियां अपने अधिकार और कर्तव्य को जाने : पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आंगनवाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम में पार्षद जानकी पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है किंतु जानकारी के अभाव में महिलाएं शोषित और पीड़ित है। कहा कि माताएं अपने अधिकार और कर्तव्य को भलीभांति जाने और समझे। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेविका गायत्री साहू ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों का ज्ञान होना बहुत जरूरी है, यदि महिलाओं को अपने अधिकार और कर्तव्य की जानकारी हो जाएगा तो महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है, और कोई भी समस्याओं और मुसीबतो का सामना कर सकती है। कार्यक्रम में सुनीता धीवर, शांति यादव, आहिल्या यादव, लक्ष्मी शर्मा, कौशल्या शर्मा, मीणा योगी, ममता नवरेंगे, ममता नागर्ची ,किरण निर्मलकर, दयावती, फुलेश्वरी धीवर मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान जिला मिशनसमन्वयक मनीषा वर्मा एवं कुमारी रूपमती वर्मा ने महतारी वंदन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं सखी सेंटर से मिलने वाली सहायता से लेकर महिला हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा ,चाइल्ड हेल्पलाइन, टोनही प्रताड़ना, उत्पीड़न जैसे कई योजनाओं के बारे में बताया।

# पांच मासूम बच्चे अनाथ होकर संघर्षमय जीवन जीने को मजबूर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत मुड़ागांव में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति 'कमार' के दो परिवारों के पांच मासूम बच्चे आज अपने दुर्भाग्यपूर्ण हालातों में जीवन यापन को विवश हैं। शासन-प्रशासन की उपेक्षा के चलते इन बच्चों का बचपन अंधकारमय हो गया है। करीब 14 वर्षीय तुमेश्वर कमार एवं 12 वर्षीय पम्मी कमार, जिनके माता-पिता वर्षों पूर्व असमय मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं, पहले अपने चाचा-चाची के संरक्षण में थे। दुर्भाग्यवश चाचा के निधन और चाची के भी तीन महीने पूर्व उन्हें छोड़कर चले जाने के बाद ये दोनों अब पूरी तरह से अनाथ हो गए हैं। चाची के तीन बच्चे और दो अनाथ भतीजे-कुल पांच मासूम-अब एक टूटते हुए कच्चे मकान में, अत्यंत जर्जर हालातों में जीवन गुजारने को मजबूर हैं।

इनमें से सिमेश्वरी (11 वर्ष), दीप्ति (8 वर्ष) एवं दिनेश (5 वर्ष) प्राइमरी स्कूल और आंगनबाड़ी में अध्ययनरत हैं। लेकिन पढ़ाई की उम्र में अब ये बच्चे जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तुमेश्वर कमार, जो स्वयं किशोर है, आज मजदूरी करके अपने चार छोटे भाई-बहनों का पालन-पोषण कर रहा है। बच्चों को मिलने वाला 35 किलो राशन, तुमेश्वर और पम्मी के नाम से बने राशन कार्ड से प्राप्त होता है। लेकिन चावल लाने के लिए भी पैसे की जरूरत होती है, जिसके लिए उसे मेहनत मजदूरी करनी पड़ती है। ग्रामवासियों के अनुसार, बच्चों के स्वर्गीय पिता की बुआ राम्हीन बाई कमार ने दो बच्चों के नाम अपने राशन कार्ड में जुड़वा लिए हैं, लेकिन वह चावल स्वयं इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे वास्तविक लाभ बच्चों को नहीं मिल रहा। इन मासूमों की स्थिति गंभीर और चिंताजनक है। न तो पक्की छत है, न नियमित भोजन और न ही शिक्षा की कोई स्थिर व्यवस्था।

# पथर्रा स्कूल में समर कैंप 2 जून तक

**राजिम।** जिले के पीएमश्री शालाओं में 24 मई से 2 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में राजिम पथर्रा के पीएमश्री प्राथमिक शाला में कैम्प का शुभारंभ नगर पंचायत के सभापति कुलेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। प्रारंभ में प्रधानपाठक निधि ठाकुर ने स्वागत करते हुए समर कैम्प की पूरी जानकारी दी। कहा कि दस दिवसीय आयोजन में अलग-अलग विधाओं के विशेषज्ञ एवं कलाविदों को आमंत्रित कर बच्चों के शैक्षिक व व्यक्तित्व विकास का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सभापति कुलेश्वर साहू ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षिका प्रेम कुमारी, रोशन पांडे,कुमारी गीता साहू व पूर्व मा शाला के प्रधानपाठक आलोक शर्मा मौजूद थे।



# उप सरपंच संघ का गठन, रुपनाथ बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

उप सरपंच संघ बैठक में सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत किये।छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार उप सरपंच संघ का गठन गरियाबंद जिला के छुरा विकास खंड में किया गया। उप सरपंच संघ अध्यक्ष पद दावेदारी के लिए तीन उम्मीदवार खड़े हुए जिसमें एक महिला और दो पुरुष थे। लता मूलचंद साहू कनेसर, रुपनाथ बंजारे हरदी,परमेश्वर यादव रसेला चुनाव मैदान में उतरे चुनाव प्रकिया संपन्न होने के बाद परिणाम घोषित किया गया, जिसमें लता मूलचंद साहू कनेसर को 7 वोट, परमेश्वर यादव रसेला को 5 वोट एवं रुपनाथ बंजारे हरदी को 34 वोट मिले। इस प्रकार रुपनाथ बंजारे को ब्लॉक अध्यक्ष उप सरपंच संघ घोषित किया गया।तत्पश्चात संघ कार्यकारणी पदाधिकारियों का घोषणा किया गया जिसमें उपाध्यक्षगण जसप्रीत सिंह मडेली, कुलेश्वर साहू पोंड, रेखचंद साहू टेंगनाबासा, सीमा गुप्ता मुढहीपानी, दिनेश साहू नवापारा,महामंत्री महेश्वर साहू सरकडा, सचिव टिकेंद्र साहू जरगांव, संयोजक कृष्णा पटेल पिपराही,मुख्य प्रवक्ता रेखचंद साहू ख़डमा,संरक्षक सुरेश शर्मा, कैलाश साहू गोंदलाबाहरा, लालबहादुर यादव करकरा, सलाहकार अनुसुइया यादव भैंसामुडा, खीरमणि हरपाल खरखरा, को नियुक्त किया गया है। एवं निम्न पदों को आने वाले बैठक में विस्तार पूर्वक पूर्ण किया जाएगा। सभी उप सरपंच गण उर्मिला निषाद अकलवारा,भीखाराम नवापारा, हेमंत सेन सजापाली, कैलाश राम साहू, दशरथ बरिहा अम्लोर, बुधराम दीवान मुंडागांव, राजेंद्र जम, लक्ष्णू राम कोसमबुडा, यामिनी चंद्राकर दादरगांव पुराना, बीशाखाबाई खैरझिटी, सुलोचना नायक शिवनी, गौरी बाई नेताम, देवरी,राधेश्याम नेताम भरुवामुडा,पुरा सुरेश शर्मा दुल्ला, कामता यादव सारागांव, गेश्वर कुमार दादर गांव नया, बृजमोहन कुमार तारक पत्तियां, महेश्वरी साहू द्वारातरा, अमृत बाई दीवान रानीपरतेवा, तुकाराम दीवान करचली, लता मूलचंद साहू कनेसर,कपूर चंद मरकाम पटपरपाली,दिलीप कुमार सोरी चरोदा, पिलम राम नेताम मोगरा, कलीराम कमार बिरनीबाहरा,ऋषि गिरी कोसमी, मन्नू लाल पटेल घटकर्रा,लेख राज कंवर कुरूद, महेश सोरी रुवाड, तिलक मरकाम कोठीगांव, अमीना बाई मरकाम पंडरीपानी गोंड हैं।

## अंतराष्ट्रीय योग के लिए लगे 1 माह के विशेष योग शिविर में जानकारी दी

# पत्तल में भोजन करने से पानी की बचत एवं पर्यावरण में होता है सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पतंजलि युवा भारत छत्तीसगढ़ द्वारा गायत्री मंदिर लगी अंतराष्ट्रीय योग के लिए लगे 1 माह के विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया है। योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। यानी हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। पतंजलि युवा भारत छत्तीसगढ़ के सोशल मीडिया राज्य प्रभारी योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने पत्तल में भोजन करने के फायदे बताए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जो जो भी परंपराए है वह सभी वैज्ञानिक है। आयुर्वेदानुसार - जिस पत्तल में या बर्तन में भोजन परोसा जाता है उस पत्तल, भोजन में उस पत्तल के औषधि गुण प्राप्त होता है। महर्षि चरक, महर्षि सुश्रुत एवं महर्षि वागभट्ट ने भी अपनी संहिताओं में पत्तल में भोजन के औषधि गुणों का वर्णन किया है आइए पत्तलों की परंपरा फिर से पुनर्जीवित करते हैं। पत्तल में भोजन के अद्भुत लाभ आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि हमारे देश मे 2000 से अधिक वनस्पतियों की पत्तियों से तैयार किये जाने वाले पत्तलों से भंडारे भोज आदि में उपयोग किया जाता था।





### विभिन्न पत्तलों के औषधि गुण

आम तौर पर केले की पत्तियो मे खाना परोसा जाता है। केले के पत्ते में भोजन करने से शीतल, वात-पित्त शांत करने वाला होता है पाचन सुधारता है, त्वचा रोगो रोगों में लाभकारी तथा चांदी के बर्तन में भोजन करने का पुण्य व आरोग्य मिलता है। पलाश के पत्तल में भोजन करने से स्वर्ण के बर्तन में भोजन करने का पुण्य व आरोग्य मिलता है। रक्त की अशुद्धता के कारण होने वाली बीमारियों के लिये पलाश से तैयार पत्तल को उपयोगी माना जाता है। पाचन तंत्र सम्बन्धी रोगों के लिये भी इसका उपयोग होता है। आम तौर पर लाल फूलो वाले पलाश को हम जानते हैं पर सफेद फूलों वाला पलाश इस दुर्लभ पलाश से तैयार पत्तल को बवासिर (पाइल्स) के रोगियों के लिये उपयोगी माना जाता है। साल का पत्ता - वात, कफ संतुलित, रुक्ष गुणवाला, अपच, कब्ज में लाभकारी होता है। आजकल हर जगह भंडारे, विवाह शादियों, जन्मदिन के पार्टियों में डिस्पोजल की जगह इन पत्तलों का प्रचलन करना चाहिए। क्योंकि थर्माकोल एवं प्लास्टिक के पत्तल से भोजन करने से बहुत सी बीमारी तथा कैंसर कारक है। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा खुद प्रतिदिन पलास के पत्तल में भोजन करते हैं।

